iujhf{kr dk;dkjh vun'k

e-i- fIpkb vf/kfu;e] 1931 dh
/kkjk 64 d v/khu

Revised Executive Instructions
Under Section 64 of
M.P. Irrigation Act, 1931

* *

(म.प्र. सिंचाई विभाग की अधिसूचना क. 3256–3544–33 सा 69 दिनांक 25.10.69 द्वारा प्रसारित एवं तत्पश्चात् सिंचाई विभाग के ज्ञाप क. सी.आर /38/78/म.ल./31/दिनांक 12.7.79 एवं सी.आर. /38/78/वृ.मं./39 दिनांक 4.8.83 द्वारा संशोधित)

iujhf{kr dk;dkjh vun'k

e/;in'k flpkbZ vf/kfu;e 1931 dh /kkjk 64 d v/khu
¼Revised Executive Instructions½

[1](क्र. 3256–3544 तैतीसा–सा–69 दिनांक 25.10.69 मध्यप्रदेश सिंचाई अधिनियम, 1931 (3 सन् 1931) की धारा 64 के अधीन समस्त पूर्व कार्यकारी अनुदेशों को अधिक्रमित करते हुए राज्य शासन उक्त धारा के अधीन सहर्ष पुनरीक्षित कार्यकारी अनुदेश जारी करता है। (म.प्र. राजपत्र दिनांक 14.11.69 में प्रकाशित))

——— o ———

1. सिंचाई विभाग द्वारा उसके प्रभार के क्षेत्रों में घास और लकडी काटने, पशु चराने, खेती करने तथा तालाबों और नहरों में मछली पकडने, सभी प्रकार के फल तोडने और कोई अन्य वनोपज वहां से लेने के लिये पट्टे मंजूर किये जाते हैं तथा प्राप्य रकमों के संग्रहण हेतु व्यवस्था की जाती है।

fVIi.kh :– (एक) शासकीय वनों के समीपस्थ तालाबों और तालाब तलों के संबंध में मछली पकडने अन्य जलाधिकारों तथा तालाबतल में खेती करने के लिए पट्टे मंजूर करने की शक्ति केवल सिंचाई विभाग को ही प्राप्त है। फल, शहद, लाक, गोंद, हर्रा, लकडी, तेंदु पत्ता, बांस आदि जैसी वनोपज की बिक्री का उत्तरदायित्व वन विभाग का है। एफ.टी.एल. से नीचे के तालाब तल के क्षेत्रों में चराई के पट्टे मंजूर नहीं किये जायेंगे किंतु तालाब तल में खेती करने वाले पट्टेदार, उन तालाब तलों में, जहां कोई चारागा हो, अपने पशु चराने के अधिकारों का उपयोग करते रहेंगे। वन विभाग द्वारा जारी किये गये चराई लाईसेंसों के अधीन शासकीय वनों में चराई के लिये अनुमति पशुओं को तालाब का पानी पीने की अनुमति होगी।

टिप्पणी (1) :– इस अनुदेश को दिनांक 25.10.69 को प्रसारण के पश्चात् मध्यप्रदेश सिंचाई विभाग ने ज्ञाप क्र. सी.आर./38/78/मल/31 दि. 12.7.79 में कंडिका 2, 2.2, 2.3, 2.4 एवं 6 को विलोपित कर नई कंडिकाओं का अंतरण किया गया। तत्पश्चात् पुनः इन कंडिकाओं को, सिंचाई विभाग के ज्ञाप क्र. सी.आर./38/74/वृम/39/दिनांक 4.8.83 द्वारा अधिक्रमित कर केवल कंडिका 2.2(अ), (ब), (स) नई कंडिका ही जोडी गई।

(2). इस कार्यकारी अनुदेश में संशोधन के साथ–साथ, शासन ने चार अन्य स्पष्टीकरण भी अर्थात (i) गांधी सागर डूब क्षेत्र के पट्टे बीस सूत्रीय समितियों द्वारा दिया जाना (ii) चराई के बदले घास कटाई की नीलामी, (iii) सिंचाई विभाग के जलाशयों को मत्स्य पालन हेतु मछली पालन विभाग को हस्तांतरण करने एवं लकडी कटा तेंदु पत्ते का संग्रह पूर्ववतः नीलाम करने बाबत्, प्रसारित किये हैं। इन्हें इस अनुदेश के अंत में जोडा गया है। डूब क्षेत्र में काश्त हेतु आवेदन/करार का प्रस्तावित प्रारूप भी यहां जोडा गया है। कृपया यह सब भी देखें।

(दो) शासकीय वनों से होकर बहने वाली सिंचाई नहरों की ओर शासकीय वनों के समीपस्थ सिंचाई विभाग की किसी अन्य भूमि की वनोपज की बिक्री वन विभाग, अपनी इच्छानुसार कर सकेगा। ऐसे समस्त मामलों में, वन विभाग राजस्व का ऐसा अनुपातिक हिस्सा, जो वन मंडलाधिकारी द्वारा कार्यपालन यंत्री के परामर्श से नियत किया जाये, सिंचाई विभाग के वाम आकलित करेगा। उनके बीच विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में मामला वन संरक्षक और अधीक्षण यंत्री को निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

2. विलोपित

2.1 जब भूमि खेती के लिये पट्टे पर दे दी जाये, तब पट्टेदार उस पर, यथास्थिति, केवल खाद्य फसलों, जैसे धान, गेंहु, ज्वार तथा मक्का आदि का भी उत्पादन कर सकें।

2.2 (अ) तालाब के तल अथवा डूब से बाहर की खेती के लिये पट्टा देते समय अधिमान निम्न क्रम से दिया जावे :–

(क). ऐसे व्यक्ति जिनकी जमीन तालाब में डूब गई है –

(ख). उसी गांव के ऐसे भूमिहीन व्यक्तियों की सहकारी संस्थाए, जो –

1. अनुसूचित आदिम जाति,
2. हरिजन जाति के हों,

(ग). उसी गांव के ऐसे भूमिहीन व्यक्ति, जो –

1. अनुसूचित आदिम जाति,
2. हरिजन जाति के हों,
3. विकलांग,
4. स्वतंत्रता संग्राम सैनिक,
5. सैनिक,
6. ऐसे कृषि स्नातक जो उस गांव के निवासी हो,
7. अन्य

(ब) (1) प्रत्येक कृषक को पट्टे पर दी जाने वाली भूमि का क्षेत्रफल उसके डूब में आई भूमि का आधा होगा, परंतु शर्त यह है कि उसके पास आबंटन के बाद अन्य भूमि मिलाकर कुल 7.5 एकड़ से अधिक भूमि न हो एवं एक एकड से कम न हो।

(2) चूंकि प्रत्येक सदस्य के संबंध में पृथकता से विचार किया जाता है। अतः भूमि आबंटन सहकारी संस्थाओं को इस प्रकार किया जायेगा कि प्रत्येक सदस्य की कुल उपरोक्त 2.2 (ब) (1) में विनिर्दिष्ट मान के अनुसार हो।

(3) यदि किसी मामले में एक से अधिक सहकारी संस्थायें किसी एक ही भूमि के आबंटन की मांग करें तो ऐसी सहकारी संस्थाओं को अधिमान दिया जायेगा, जिसके प्रत्येक सदस्य के पास अन्य संस्था के सदस्यों के अपेक्षा उपलब्ध कम भूमि हो।

fVIi.kh :– यदि किसी समय कुछ भूमि पट्टे पर देने के बाद बच रही हो तो वह उस बांध के सरहद से पांच कि.मी. के अंदर आने वाले गांव के लोगों को उक्त 2.2 (अ) के अनुसार आबंटित की जाय एवं यदि उसके बाद भी कुछ जमीन बचती है तो पांच कि.मी. की दूरी के बाहर वाले गांव को उक्त 2.2 (अ) के अनुसार आबंटित की जावे।

(स) शासन के सुविधा अनुसार डूब या डूब के बाहर की भूमि के पट्टे पर एक से तीन साल तक के अवधि के लिये निम्न शर्तों पर दी जायेगी :–

1. प्रथम वर्ष में पट्टे पर दी जाने वाली जमीन की दर उस क्षेत्र के भू–राजस्व के दर का दुगना होगा परंतु यह दर रूपये 10) प्रति एकड़ से कम नहीं होगी। दर निर्धारण सिंचाई विभाग के उसी सक्षम अधिकारियों द्वारा किया जायेगा जो पट्टे पर जमीन आबंटित करने के सक्षम है।

नोट :– यदि तालाब तल में पट्टे पर दी जाने वाली भूमि का भू–राजस्व का दर उपलब्ध नहीं है तो आस पास की समकक्ष भूमि का भू–राजस्व लिया जा सकता है एवं उसे जिलाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित कराना होगा।

2. दूसरे साल में भूमि का पट्टा पिछले वर्ष की प्रति एकड निर्धारित दर पर से रूपये 5.00 प्रति एकड अधिक बढाकर दिया जाये।

3. इसके पश्चात् प्रति वर्ष 5.00 रूपये प्रति एकड अधिक दर से भूमि पट्टे पर दी जावे अर्थात् पहले वर्ष से 5.00 रू. प्रति वर्ष प्रति एकड की बढोत्तरी अगले दो वर्ष तक की जावेगी। प्रत्येक 3 वर्ष में परिस्थिति के अनुसार दर का पुनः निर्धारण किया जावेगा।

4. यदि कोई पट्टेदार निर्धारित समय के अंदर पट्टे की राशि जमा नहीं करता तो उसे आगे भूमि पट्टे पर नहीं दी जावेगी।

2.3 विलोपित।

2.4 विलोपित।

2.5 सिंचाई विभाग द्वारा अर्जित या धारित नहर भूमि में, जो कृषि प्रयोजनों के लिये वर्ष के कुछ महीनों के लिये या कुछ वर्षों के लिये पट्टे पर दी गई हो, मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 के अधीन कोई मौरूसी हक प्रोधभूत नहीं हो सकेगा।

2.6 ऐसे तालाबों को छोड़, जो मत्स्य संवर्धन कार्यों हेतु मत्स्य उद्योग विभाग के कब्जे में हों, अन्य तालाबों पर मछली पकडने के अधिकारों के लिये कार्यपालन यंत्री/अधीक्षण

यंत्री द्वारा मत्स्य उद्योग विभाग के परामर्श से एक वर्ष या अधिक वर्ष के लिये दिये जायेंगे किंतु यह अवधि पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। तथापि, पट्टे की रकम में प्रति वर्ष उतनी रकम बढा दी जायेगी, जो पिछले वर्ष के पट्टे के रकम के 10 प्रतिशत के बराबर होगी।

2.7 अन्य बातें समान होने पर अधिमान निम्नलिखित क्रम से दिया जायेगा –

(क) मछुआ सहकारी संस्थाएं या संघ।

(ख) ग्राम पंचायतें।

(ग) कोई अन्य सहकारी संस्था।

fVIi.kh – तथापि, मछुआ सहकारी संस्थाएं या संघ, संस्थाओं या संघों की उप विधियों द्वारा यथा नियंत्रित अपने कार्य के संबंध में, मत्स्योद्योग विभाग से प्राप्त प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे।

2.8 यदि ऐसे स्थिति हो कि कोई मछुआ सरकारी संस्था या संघ विद्यमान न हो या वह पट्टा स्वीकार करने के लिये सामने न आये तो मछली पकडने के अधिकारों की नीलामी व्यक्तियों को की जायेगी।

2.9 सिंचाई नहरों के मामले में एक वर्ष के लिये लाईसेंस या पट्टे मत्स्यद्योग विभाग के परामर्श से दिये जा सकेंगे।

3. एक वर्ष के लिये 125.00 रूपये तक का पट्टा–उप संभागीय अधिकारी या नहर डिप्टी कलेक्टर द्वारा मंजूर किया जा सकेगा। अन्य प्रत्येक पट्टे की नीलामी की सूचना पीठासीन अधिकारी को बोली लगाने वालों द्वारा लगाई गई बोलियों की सूची सहित, यथासंभव शीघ्र कार्यपालन यंत्री को भेजनी होगी। कार्यपालन यंत्री, पट्टे की अवधि 1 वर्ष की होने पर 5,000 रू. तक का पट्टा तथा पट्टा की अवधि एक वर्ष से अधिक किंतु 5 वर्ष से अधिक न होने पर 1000.00 रूपये प्रतिवर्ष तक का पट्टा दिया जायेगा। सक्षम अधिकारी द्वारा मंजूरी दी जाने के पश्चात् विहित फार्म में पट्टा दिया जायेगा, जिस पर संबंधित विभागीय अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे। किसी असामान्य स्वरूप के पट्टे के मामले में सर्वाधिक उपर्युक्त फार्म का उपयोग उसमें समय–समय पर प्राधिकृत किये गये परिवर्धन और परिवर्तन करने के पश्चात् किया जायेगा।

वह अधिकारी, जिसे पट्टा मंजूर करने की शक्ति प्राप्त हो, सबसे ऊंची बोली या कोई अन्य बोली स्वीकार करने को बाध्य नहीं होगा और वह बोली लगाने वालों को कोई कारण बताये बिना कोई बोली अस्वीकार कर सकेगा किंतु उसे बोली स्वीकार नहीं करने का कारण अभिलिखित करने चाहिए।

4. राजस्व का भुगतान निम्नानुसार किया जाना चाहिए :–

(क) ऐसे समस्त पट्टों के लिये जिसका मूल्य 50 रूपये से अधिक न हो – करार पर हस्ताक्षर करते समय।

(ख) नीचे खंड (ग) में उल्लेखित पट्टों को छोडकर अन्य समस्त पट्टों के लिये 2 से अधिक न होने वाली 2 समान किस्तों में, जिसमें से पहली किस्त का भुगतान करार पर हस्ताक्षर करने के समय किया जायेगा तथा दूसरी किस्त का भुगतान पट्टे की आधी अवधि समाप्त होने पर किया जायेगा।

(ग) दो या दो से अधिक मौसमों के पट्टों के लिये दूसरे तथा अनुवर्ती वर्षों में, – संबंधित वर्ष की तारीखों को तथा पट्टे की प्रथम वर्ष के लिये नियत किस्तों द्वारा।

5. रकमों के संग्रहण के लिये नियत की गई तारीखों के तत्काल पश्चात् अनुभागीय अधीनस्थ को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना चाहिए।

जिसमें यह दर्शाया गया हो कि कौन सी रकमें वसूल कर ली गई हैं और कौन सी बकाया हैं। उप संभागीय अधिकारी यह प्रतिवेदन कार्यपालन यंत्री को अग्रेषित करेगा और कार्यपालन यंत्री कलेक्टर से (अथवा नहर डिप्टी कलेक्टर, यदि उसे इस हेतु शक्ति प्राप्त हो) कहेगा कि वह बकाया रकमों को भू–राजस्व की बकाया की भांति तत्काल वसूल करें।

6. विलोपित।

7. कार्यपालन यंत्री बकाया रकमों तथा की गई वसूलियों की एक कार्यशः पंजी फार्म क्र. सत्रह ई.लो.नि.वि. 145 में रखेगा और राजस्व के प्रत्येक विभिन्न स्त्रोत उदाहरणार्थ तालाब तल में खेती, घास के पट्टे आदि के संबंध में पट्टों की प्रविष्ट के लिये पृथक–पृथक पृष्ट रखेगा।

8. यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से विविध राजस्व का काई स्त्रोत नजर अंदाज नहीं किया जाता है और जब कभी राजस्व में कोई गिरावट आती है तब जांच की जाती है। प्रत्येक संभाग में एक पृथकपंजी रखी जानी चाहिये, जिसमें ऐसे राजस्व के समस्त स्त्रोतों के ब्यौरे (1) कार्यशः तथा (2) राजस्व के विभिन्न स्त्रोतों के अनुसार प्रविष्ट किये जाने चाहिये। प्रत्येक वर्ष वसूल की जाने वाली रकमें, प्रत्येक स्त्रोत के सामने पृथक खानों में दर्ज की जानी चाहिय। बोली न लगाई जाने की स्थिति में इस आशय की अभ्युक्ति दर्ज की जानी चाहिये। इससे राजस्व का कोई स्त्रोत नजर अंदाज नहीं होने पायेगा तथा यदि राजस्व में कोई गिरावट आई हो तो वह तत्काल ज्ञात हो जायेगी। गिरावट के कारणों का पता लगाया जाना चाहिये और अभिलिखित किये जाने चाहिये।

तालाब तल की खेती के लिये भूमि का पट्टा कुछ रू. प्रति एकड की निश्चित दर पर दिया जाता है। तुलना की दृष्टि से पंजी के एक खाने में पट्टे पर दिया गया क्षेत्र दर्ज किया जाना चाहिये तथा दूसरे खाने में वे दरें (न कि रकमें) दर्ज की जानी चाहिये जिनके अनुसार प्रति वर्ष वसूली की जाती है।

9. यदि खेती के लिये पट्टे पर दी गई भूमि पर खेती नहीं की गई हो तो करार की शर्तों के अनुसार पूरा लगान वसूल किया जायेगा, किन्तु ऐसे मामलों में, जिसमें खेती के लिये पट्टे पर दी गई भूमि 31 अक्टूबर को जल में डूबी रही हो और इस कारण बाद में संबंधित कृषि मौसम के दौरान उस पर खेती न की गई हो, लगान से पूरी छूट दी जायेगी।

fVIi.kh – फसल बिगड जाने के मामले में कार्यपालन यंत्री द्वारा धारा 47 के अधीन विहित मान के अनुसार छूट दी जा सकेगी।

10. अन्य पट्टे के मामले में छूट के लिये आवेदन पत्र उपसंभागीय अधिकारी को संबोधित किये जायेंगे जो यदि यह आदेश देने के लिये सक्षम न हो, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जिसे वह आवश्यक समझें, मामला अपने प्रतिवेदन तथा सिफारिश के साथ कार्यपालन यंत्री को प्रस्तुत करेगा और आवेदकों को की गई कार्यवाही के संबंध में सूचित करेगा।

11. पट्टे पर न दी गई भूमियों पर अप्राधिकृत खेती करने के मामलों में या नीलामी के पूर्व भूमि पर बलात दखल के मामलों में उस स्थान में खुली नीलामी द्वारा नियत रकम से दुगनी रकम की दंडिक दर उद्ग्रहीत की जायेगी। यदि आगे भी अप्राधिकृत खेती की जाये तो उपर्युक्त दर से तिगुनी दर उदग्रहीत की जायेगी। इस प्रकार उद्ग्रहीत दाण्डिक दरें भू–राजस्व के बकाया की भांति वसूल की जा सकेंगी। बोली न लगाई जाने की स्थिति में कार्यपालन यंत्री जिले के कलेक्टर के परामर्श से ऐसी दरें निर्धारित करेगा। जो ऐसे अप्राधिकृत कब्जे के लिये उद्ग्रहीत की जा सकेंगी।

12. नीलामी की जाने के मामले में नीलामी में भाग लेने से पूर्व प्रत्येक बोली लगाने वाले व्यक्ति द्वारा पूर्वर्ती वर्ष की नीलामी की रकम या पट्टा रकम की 2 प्रतिशत रकम या प्रथम नीलामी के मामले में कार्यपालन यंत्री द्वारा निर्धारित रकम बयाने के रूप में जमा की जायेगी। इस प्रकार जमा की गई बयाने की रकम असफल बोली की नीलामी की समाप्ति पर वापस कर दी जायेगी, जब कि सफल बोली लगाने वाले की रकम जमा रखी जायेगी, जो अवधि समाप्त होने के तीन माह बाद प्राप्य रकम, यदि कोई हो, काट लेने के पश्चात् वापस की जा सकेगी। बयाने की रकम बोली लगाने वाले द्वारा पट्टा स्वीकार न किये जाने की स्थिति में या अनुबंध किये अनुसार किस्तों का भुगतान न किये जाने पर समपहृत कर ली जायेगी। यदि ऐसी स्थिति आये कि बोली लगाने वाले से प्राप्य रकमें से बयाने की रकम कम हो तो शेष रकम उससे भू–राजस्व की बकाया की भांति वसूल की जायेगी।

ckn dk Lif"Vdj.k

I. fo"k; &xka/kh lkxj tyk'k; Mwc dh Hkwfe dh [kkyh Hkwfe dks iVVs ij fn;s tkus ckcr] iVVs dh nj fu/kkZfjr djus ckcrA

राज्य शासन द्वारा गांधी सागर जलाशय की डूब की भूमि के पट्टे पर दिये जाने के संबंध में निम्नानुसार निर्णय लिया है :–

1. भूमि आबंटन का कार्य 20 सूत्रीय समिति की सिफारिश पर सिंचाई विभाग द्वारा किया जावे एवं वसूली भी निर्धारित मापदंड अनुसार सिंचाई विभाग के विभागीय शीर्ष में राशि जमा करेंगे।
2. निर्देशित किया जाता है कि 20 सूत्रीय समितियों की आबंटन संबंधी बैठकों में सिंचाई विभाग का अधिकारी उपस्थित रहें। ताकि विभागीय मापदंड परीक्षण स्थल पर ही लिया जा सके। इस हेतु कार्यपालन यंत्री प्रत्येक विकास खंड में नाम से सहायक यंत्री नियत करे।

(म.प्र. शासन, वृहद एवं मध्यम सिंचाई विभाग क्रमांक सी आर 169/80/वृम/31 दिनांक 25.11.83)

II. म.प्र. शासन सिंचाई विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ/सी.आर/38/78/मल/31 दिनांक 14.4.80 में निम्न स्पष्टीकरण दिया गया :–

"धारा 64 के अधीन बनाये गये कार्यकारी अनुदेश की कंडिका 2, 2.2, 2.3, 2.4 एवं 6 अधिक्रमित करते हुए शासन द्वारा मंत्रिपरिषद के निर्णय उपरांत इस विभाग के पत्र क्रमांक एफ/सी.आर./38/78/मल/31 दिनांक 12.2.79 द्वारा संशोधन किया गया है। यह केवल तालाब तल में आई हुई डूब की जमीन को पट्टे पर दिये जाने बाबत् है। अतएव इसे स्पष्ट करते हुये यह आदेशित किया जाता है कि कार्य अनुदेश की कंडिका 2 में अन्य प्रयोजन जैसे मछली पकड़ने, पशु चराने, लकडी संग्रह करने, तेंदु पत्ता संग्रह आदि के बारे में नीलामी की प्रथा यथावत रहेगी।"

अतः दिनांक 25.10.79 को प्रसारित कार्यकारी अनुदेश की कंडिका 2 जिसे पूर्व में विलोपित किया गया, का इससे संबंधित भाग, सूचनार्थ नीचे दिया जा रहा है।

2. प्रत्येक पट्टा एक नियत अवधि के लिये होना चाहिये तथा उसकी नीलामी उस अवधि के प्रारंभ होने के छः सप्ताह पूर्व की जानी चाहिये। नीलामी का समय, तारीख और स्थान की सूचना, नीलामी की वास्तविक तारीख से कम से कम पंद्रह दिन पूर्व उद्‌घोषणाओं द्वारा अनुसूचित की जायेगी तथा जिले में और यदि आवश्यक हो, तो आस पास के लिों में उसका व्यापक प्रचार किया जायेगा। नीलामी किसी समुचित स्थान पर की जायेगी, जो कार्यपालन यंत्री द्वारा बोली लगाने वालें की सुविधा की और आधिकारिक स्पर्धा को दृष्टि में

रखकर निश्चित किया जायेगा। नीलामी सामान्यतः ऐसे अधिकारी द्वारा की जायेगी जो उप संभागीय अधिकारी से निम्न पद का न हो, किन्तु कार्यपालन यंत्री की पूर्वानुमति से उप संभागीय अधिकारी यह निर्देश दे सकेगा कि जिस नीलामी में 1,500 रू. से अधिक रकम प्राप्त होने की संभावना न हो वह किसी अधीनस्थ द्वारा की जा सकेगी। पट्टे के फार्म की एक प्रति नीलामों के स्थान पर निरीक्षणार्थ रखी जायेगी तथा नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व उस अवधि की घोषणा की जायेगी, जिसके लिये पट्टा दिया जाना है और पीठासीन अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को इन अनुदेशों के पैराग्राफ 4, 6 और 9, 10 का सार समझा जायेगा। बोली लगाने का कार्य उन शर्तों की पूर्ण और अप्रतिबंधित स्वीकृति समझा जायेगा, जो इन पैराग्राफों में दी गई है। अधिक प्रचलित पट्टों के लिये निम्नलिखत अवधियां समान्यतः उपयुक्त होती है।

मछली पकड़ने, पशु चराने तथा लकड़ी के संग्रह के लिये	1 जुलाई से 30 जून
घास काटने के लिये	1 जुलाई से 31 जनवरी
तेंदु पत्ता संग्रहण तथा (जैसे आम, महुआ और आचार एकत्र करने के लिये)	1 मार्च से 31 जुलाई
लाख की खेती तथा शहद संग्रहण के लिये	1 नवंबर से 31 अक्टूबर
हर्रा संग्रहण के लिये	1 जुलाई से 30 अप्रेल

III. fo"k; % pjkbZ dh uhykeh

प्रदेश के सिंचाई कार्यों पर जहां चराई की नीलामी स्वीकृत की जाती है, वहां जानवरों के आवागमन के कारण बांधों एवं नहरों को क्षति पहुंचती है।

शासन ने निर्णय लिया है कि भविष्य में सिंचाई बांधों तथा नहरों पर चराई की लीज नीलाम न की जाकर सिर्फ घाट कटाई की नीलामी की जावे।

(शासन सिंचाई विभाग का प्रमुख अभियंता, सिंचाई के नाम पत्र क. सी.आर./18/84/वूम/31 दि. 26.3.84)

IV. विषय : fl apkbZ tyk'k;ksa dk eNyhikyu foHkkx dks eR;ikyu gsrq gLrkarj.k djus ckcr

राज्य शासन सभी सिंचाई जलाशयों को :–

1. सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित समस्त जलाशय।
2. वे सिंचाई जलाशय जो सिंचाई विभाग द्वारा मत्सयपालन हेतु लीज पर दिये गये हैं, उनकी लीज की अवधि समाप्त होने के पश्चात्
3. सिंचाई विभाग द्वारा भविष्य में निर्मित होने वाले सभी जलाशय पूर्ण होने पर।

निम्नलिखित शर्तों पर हस्तांतरण करने की स्वीकृति प्रदान करता है –

1. मस्त्यापालन विभाग द्वारा जलाशय के रख रखाव, सिंचाई के लिये पानी वितरण इत्यादि में कोई बाधा नहीं डाली जायेगी।
2. यदि कार्य के डूब अथवा कमांड क्षेत्र मछलीपालन हेतु कोई निर्माण कार्य अथवा सुधार कार्य करना हो तो वह मत्यसयपालन विभाग अपने खर्च पर सिंचाई विभाग की लिखित अनुमति प्राप्त कर ही करेगा।

(शासन सिंचाई विभाग का प्र.अ./समस्त मु.अ. को नाम पत्र क. 10/6/32/सा/82 दि. 10.6.82 जिसकी प्रति संचिव मछली पालन विभाग को भी पृष्टांकित है)

(मु.अ. चंबल बेतवा कछार, भोपाल के पत्र कमांक 697–आई/रा.को. (च.बे.) 87 दिनांक 17.8.87 द्वारा शासन की डूब के पट्टे हेतु अनुमोदनार्थ प्रस्तुत प्रारूप)

vkosnu i=

फार्म नं.....

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,

.....

विषय :– जलाशय की डूब से खुली भूमि पर वर्ष ..... के दौरान खरीफ/रबी फसल की कृषि करने बाबत्।

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि प्रार्थी श्री/श्रीमति..... पिता/पति ..... आयु..... निवासी.....ग्राम.....तहसील..... .जिला में वर्ष ..... में फसल खरीफ/रबी की कृषि करना चाहता हूं।

मैं सिंचाई अधिनियम की धारा 64 की कंडिका 2.2 के निम्नलिखित सरल कमांक से प्राथमिकता का हकदार हूं।

ikFkfedrk dk vk/kkj

2.2 (अ) (क) मेरी जमीन तालाब में डूब में आ गई है यदि हां तो :–

अ. नाम ग्राम.....

ब. सर्वे नंबर.....

स. रकबा.....

द. जमीन का मुआवजा ..... वाले कास्तकार से संबंध।

(ख) मेरी जमीन तालाब में डूब में नहीं आई है, किंतु में डूब से प्रभावित का हूं।

नाम ग्राम..... एवं मेरा वर्ग निम्न है :–

1. अनुसूचित आदिम जाति.....
2. हरिजन जाति .....
3. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी .....
4. भूत पूर्व सैनिक .....
5. अन्य .....

(3) मांगी गई भूमि की प्राथमिकता :–

1. नाम ग्राम .....
2. सर्वे नंबर .....
3. रकबा.....

उपरोक्त के अलावा अन्य भूमि मान्य (है अथवा नहीं).....

3 (ब) बांध जलाशय सीमा से 5 कि.मी. सीमा के अंदर के ग्राम के हैं या नहीं यदि है तो नाम ग्राम ..... तहसील .....मेरे अन्य कृषि योग्य भूमि है या नहीं यदि है तो :–

अ. नाम ग्राम ..... तहसील .....

ब. सर्वे नंबर .....

स. रकबा.....

द. अन्य कृषि योग्य भूमि के सत्यापन हेतु राजस्व विभाग के नायब तहसीलदास द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विभाग द्वारा इजाजत मिलने पर ही इन सर्वे नम्बरान पर कृषि करने की पात्रता रखूंगा एवं विभाग द्वारा प्रस्तावित उद्घोषणा में वर्णित समस्त शर्तों को मंजूर करता हूं।

निशान अंगूठा या हस्ताक्षर कृषक

.....

dk;ky ; gr

1. श्रेणी .... 4. अन्य भूमि..

2. अन्य की मांग.. 5. कार्यालयीन टीप..

3. पात्रता ....

....

पटवारी उपयंत्री अनुविभागीय अधिकारी

कार्यपालन अभियंता, सिंचाई विभाग, म.प्र.

e/; izns'k

'kklu flpkbZ foHkkx

एवं

izeq[k vfHk;ark flpkbZ

द्वारा प्रसारित

rFkk vU; lacaf/kr vkns'k

I- मध्य प्रदेश शासन, रेवेन्यु (सा–1) विभाग

क्रमांक 168–एफ/7.3.77/सात/सा–1, दिनांक 15.1.1997

vf/klwpuk

मध्यप्रदेश लेण्ड रेवेन्यु, कोड 1959 (क्र. 20 सन् 1959) की धारा 19 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार एतद् द्वारा तारीख 1 फरवरी 1977 से, नीचे दी गई सारणी के कालम (2) में उल्लेखित अधिकारियों को, उसके कालम (3) में उल्लेखित तहसीलों में अपर तहसीलदारों के रूप में नियुक्त करती है।

lkj.kh

अनुक्रमांक (1)	अधिकारी (2)	तहसील (3)
1	सिंचाई विभाग के ऐसे समस्त सहायक यंत्री जो सिंचाई उपखंड का भार साधन धारण करते हों	सिंचाई उपखंड की संबंधित अधिकारियों में आने वाली तहसीलें
2	सिंचाई विभाग के ऐसे समस्त कनिष्ट यंत्री जो सिंचाई उपखंड का भार साधन धारण करते हों।	सिंचाई उपखंड की संबंधित अधिकारियों में आने वाली तहसीलें

(म.प्र. राजपत्र के दिनांक 1.4.77 के अंक में प्रकाशित)

II. Madhya Pradesh Revenue (N-I) Department

No. F-7-9-77/N-I/VII, Dated 18/5/77

Notofication

In exercise of the powers conferred by sub section (2) of section 19 of the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959), the State Government hereby appoints with effect from 1st June 1977, the Canal Deputy Collectors mentioned in column (I) of the table below to be the Additional Tehsildars for the Tehsils mentioned in the Corresponding entries in column (2) thereof.

Table

	Officers **(1)**	**Tehsils** **(2)**
1	All Canal Deputy Collectors of the Irrigation Department holding charge of Abiyana work	Tehsils of the districts falling in the respective jurisdiction of Canal Deputy Collectors

III. मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

क्रमांक 1066/2269/सात/शा–6/83 दिनांक 29.8.83

राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है कि, सिंचाई राजस्व की बकाया की राशि की कमांड एरिया में स्थित कृषकों की ऋण पुस्तिका में प्रविष्ठ की जावे एवं बकायादारों को किसी भी बैंक द्वारा तब तक ऋण न दिया जावे जब तक की सिंचाई विभाग द्वारा प्रदत्त "शून्य बकाया प्रमाण पत्र" प्रस्तुत न किया जावे।

IV. मध्यप्रदेश शासन, सिंचाई विभाग

क्रमांक एफ/29/78/म.ल./39/78/व्ही दिनांक 31.3.83

vf/kl puk

मध्य प्रदेश सिंचाई अधिनियम (संशोधन) 1968 की धारा 58 (सी) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक भू–स्वामी से असुधार अंशदान दिनांक 1.1.83 से प्रभावशील कर वसूल किया जावे।

V. (म.प्र. शासन, वृहद, मध्यम एवं लघु, सिंचाई विभाग का आदेश क्रमांक 27/15/84/मध्यम/31 दिनांक 28.4.87)

सिंचाई विभाग के आदेश क्रमांक 29/78/म.ल./39/78/III दिनांक 31.3.83 में आंशिक संशोधन करते हुए आदेश दिये जाते हैं कि उक्त आदेश के खंड (घ) में प्रावधानित सिंचाई उपकर, आदिवासी क्षेत्र के केवल उन आदिवासियों एवं हरिजन कृषकों से वसूल नहीं किया जावेगा जिन्हें कि उक्त आदेश के खंड (ग) की कंडिका 6 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार सिंचाई जलदर के भुगतान से प्रथम पांच वर्ष के लिये छूट प्रदान की गई थी। यह आदेश दिनांक 1.11.86 को छूट के प्रथम पांच वर्ष की बकाया अवधि के लिये प्रभावशील होंगे।

VI. (म.प्र. शासन, सिंचाई विभाग का प्रमुख अभियंता, सिंचाई के नाम ज्ञाप क्रमांक 22/29/82/म.ल./31 दिनांक 10.12.82)

fo"k; :– जलकर की राशि की वसूली के अधिकार अमीनों को दिये जाने बाबत्।

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि जलकर की वसूली के अधिकार नियमित स्थापना पर कार्यरत अमीनों को दिये जायें।

यह अधिकार ऐसे क्षेत्र में दिये जायें जहां अभी सिंचाई पंचायतों का गठन नहीं किया गया हो, अथवा जहां गठित पंचायतें ठीक ढंग से कार्य न करती हों।

जिन स्थायी अथवा अस्थाय अमीनों को वसूली के अधिकार दिये जावे, उनसे किसी स्थायी कर्मचारी की प्रतिभूति भी ली जावें।

VII. (म.प्र. शासन सिंचाई विभाग का प्रमुख अभियंता सिंचाई के नाम पत्र क्रमांक 22/92/82/म.ल./39 दिनांक 05.04.84)

fo"k; :– जल कर की वसूली के अधिकार अमीनों को दिये जाने बाबत्।

lanHk :– इस विभाग का आदेश क्रमांक 22/92/82/म.ल./39 दिनांक 10.12.82

संदर्भित पत्र द्वारा जलकर की राशि को वसूली के अधिकार अमीनों को दिये गये थे, अब उक्त आदेश में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि, जल कर को वसूली के अधिकार नियमित स्थापना पर कार्यरत अमीनों को दिये जायें।

यह अधिकार ऐसे क्षेत्र में दिये जावें जहां अभी सिंचाई पंचायतों का गठन नहीं किया गया हो, अथवा जहां गठित पंचायतें ठीक ढंग से कार्य न करती हों।

जिन स्थायी अथवा अस्थायी अमीनों को वसूली के अधिकार दिये जावें, उनसे किसी स्थायी कर्मचारी की प्रतिभूति भी ली जावे।

VIII. (म.प्र. शासन सिंचाई विभाग का प्रमुख अभियंता सिंचाई के नाम पत्र क्रमांक 29/78/म.ल./31/78 दिनांक 6.1.82)

fo"k; :– आदिवासी क्षेत्रों में सिंचाई का विकास करने के लिये कृषकों को विशेष सुविधायें दिया जाना –

lanHk :– इस विभाग का पत्र क्र. एफ/27/2/77/म.ल./31, दि. 26.3.77

राज्य शासन द्वारा आदिवासी कृषकों को सिंचाई जल दर में छूट देने बाबत् आदेश जारी किये थे। उपरोक्त आदेश में पुनः निम्नानुसार सुविधायें देने का निर्णय लिया गया है।

1. आदिवासी क्षेत्र में आदिवासी एवं हरिजन कृषक जिनके पास सीलिंग अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित सीमा तक धारित भूमि है तथा अन्य वर्ग के कृषक जिनके पास पांच एकड तक धारित भूमि है, उन्हें नये सिंचाई साधनों से पांच वर्ष तक एग्रीमेंट करने तथा जलदर देने के प्रावधान से छूट दी जावेगी।

2. छठे वर्ष से नियमानुसार अनुबंध कराया जाये। तथा छठवें वर्ष में 1/3 जलदर, सातवें एवं आठवें वर्ष 2/3 जलदर एवं नवें वर्ष के उपरांत पूरी जलदर वसूली की जावगी।

3. यह छूट उन्हीं सिंचाई साधनों के लिये लागू होगी जो नये बनेंगे तथा जो पिछले नौ साल के अंतर्गत बने हुये हैं।

4. जहां ऊपर वर्णित कृषक नई सिंचाई योजना से पिछले कुछ वर्षों में सिंचाई प्राप्त किये है, उनके लिये उतने वर्ष कंडिका 1, 2 की गणना करने में काट दिये जायेंगे।

IX. (म.प्र. शासन सिंचाई विभाग का आदेश क्रमांक 18/3/पी/बी./31/71 दिनांक 11.9.79 समस्त जिलाध्यक्ष, (म.प्र.) एवं समस्त कार्यपालन यंत्री सिंचाई विभाग (म.प्र.) के नाम)

विषय :– मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओं के कमांड क्षेत्रों में जल के पूर्ण उपयोग करने के लिये जिला स्तरीय जल समितियों का गठन।

सिंचाई विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की सिफारिश के अनुसार राज्य शासन उपलब्ध जल का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओं के कमांड क्षेत्रों में जल प्रदाय एवं सिंचाई राजस्व वसूली के लिये समय–समय पर क्रियात्मक कार्यक्रम बनाने एवं पुर्नरावलोकन करने हेतु जिला स्तरीय जल उपयोग समितियों का सहर्ष गठन करता है। समिति का गठन निम्नानुसार होगा :–

1. जिला के जिलाध्यक्ष	–	अध्यक्ष
2. जिले के समस्त विधायक	–	सदस्य
3. जिले के उपसंचालक कृषि विभाग	–	सदस्य
4. सिंचाई विभाग के समस्त कार्यपालन यंत्री जिनके पास उस जिले के किसी क्षेत्र का कार्यभार है।	–	सदस्य (जिनमें से एक को अध्यक्ष द्वारा समिति का सचिव नामांकित किया जावेगा।

2. समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक बार बुलाई जावेगी, किंतु जून एवं अक्टूबर दोनों माह के मध्य में क्रमशः खरीफ एवं रबी फसल का कार्यक्रम तय करने के लिये निश्चित रूप से आयोजित की जावेगी। समिति संलग्न परिशिष्ट में उल्लेखित कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

3. समिति सिंचाई, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों में प्रभावीय समन्वय सुनिश्चित करेगी ताकि कमाण्ड क्षेत्रों के भिन्न भागों में अन्य सामग्री जैसे बीज एवं कीटनाशक दवाईया आदि, सिंचाई विभाग द्वारा नहर–सड़कों पर परिवहन आदि सभी सहूलियतें जहां संभव हो, देकर समय पर उपलब्ध कराई जा सकें।

4. समिति अपना तिमाही प्रतिवेदन सभी संबंधितों की ओर विशेष रूप से संबंधित कछार के मुख्य अभियंताओं को अर्द्ध शासकीय पत्र द्वारा भेजेगी। जिसमें कार्यक्रम की समीक्षा तथा बाधायें आदि कोई हो, जिनकी ओर राज्य शासन का ध्यान आकर्षित किया जाना है, का उल्लेख रहेगा। इस संबंध में मुख्य अभियंता, अपना प्रस्ताव आवश्यकतानुसार शासन की ओर भेजेंगे।

ifjf'k"B

जिला स्तरीय जल उपयोग समित निम्न कार्यवाही सुनिश्चित करेगी :–

1. जलाशयों, व्ययवर्ततों में उपलब्ध जल की मात्रा का आंकलन जल की मात्रा जो अगली फसल के लिये बचाये रखना आवश्यक हो।
2. जिन क्षेत्रों में सिंचाई की जाती हो उनका निर्धारण।
3. नहरों का क्रियात्मक कार्यक्रम, उनका खोलना एवं बंद करना। पानी देने की अवधि आदि।
4. समुचित फसलों का चुनाव और पानी का श्रेष्ठतम उपयोग।
5. सिंचाई प्रणाली की कमियों को दूर कर पानी के नुकसान में कमी करना। जिनमें लाईनिंग नये स्ट्रैक्चरर्स आदि को ध्यान में रखा जावे। संधारण एवं मरम्मत की दशा।
6. भूगर्भीय एवं सतही जल का समन्वित (Conjuctive) उपयोग।
7. जल दर की उगाही का पुनर्रावलोकन करना।

X. (मध्य प्रदेश शासन, आयाकट विभाग का आदेश क्र. 214/80/आयाकट/40/82, दिनांक 2.6.82 समस्त विभाग, मध्य प्रदेश, संबंधित विभागाध्यक्ष, अध्यक्ष आयाकट, विकास प्राधिकरण एवं समस्त मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग के नाम।)

fo"k; %& vk;kdV {k=k e QhYM puy d fuek.k d lc/k eA

राज्य शासन ने आयाकटों में फील्ड चैनल एवं जल निकास, नालियों के निर्माण के संबंध में निम्नांकित निर्णय लिये हैं :–

1. कि सिंचाई परियोजनाओं द्वारा निर्मित जल क्षमता के अधिकतम उपयोग के लिये सभी आयाकट क्षत्रों में सिंचाई नालियां एवं जल निकास नालियां शीघ्र बनाई जाय।

2. कि 40 हे. के चक तक समस्त नहरों का निर्माण सिंचाई विभाग द्वारा किया जायेगा।

3. कि 40 हे. में 5 से 8 हे. तक के चक तक समस्त सिंचाई एवं जल निकास नालियां, शासकीय व्यय पर बनाई जायेंगी और शासन की संपत्ति होगी।

4. कि 5 से 8 हे. के चक के भीतर अंतिम खेत तक सिंचाई नालियां तथा जल निकास नालियां शासकीय व्यय पर बनाई जायेंगी किंतु यह नालियां काश्तकारों की संपत्ति मानी जायेंगी और इनका रख रखाव भी संबंधित काश्तकारों द्वारा ही किया जायेगा। यह काश्तकारों की संपत्ति होने के कारण इनके लिये भूमि अर्जन नहीं किया जायेगा।

5. कि 40 हे. के चक से अंतिम खेत तक सिंचाई/जल निकास नालियों पर आने वाला समस्त व्यय आयाकट विभाग के बजट से किया जायेगा। यह व्यवस्था समस्त सिंचाई परियोजनाओं में लागू होगी, चाहे वह पूर्ण हो चुकी हो अथवा निर्माणाधीन हो।

6. सिंचाई नालियों एवं जल निकास नालियों के निर्माण पर व्यय हुई शासकीय राशि की वसूली के लिये सामान्य सिंचाई दर पर 10 रूपये प्रति हे. के मान से अधिभार लिया जायेगा। यह अधिभार भी सिंचाई दर के साथ ही वसूल किया जायेगा। यह अधिभार कार्य पूर्ण होने के अगले कृषि मौसम से कृषकों द्वारा देय होगा।

2. राज्य शासन चाहता है कि भविष्य में समस्त आयाकट क्षत्रों में फील्ड चैनल आदि के निर्माण के बारे में उपरोक्त निर्णय अनुसार कार्यवाही की जाये।

XI- fo"k; %& jkTkLo Hkqxrku esa 'kkfLr ij NwV ckcr A

1. म.प्र. सिंचाई नियम, 1974 के नियम 193, के स्थान पर शासन सिंचाई विभाग की अधिसूचना क्रमांक 29/78/म.ल/39/78/II दिनांक 31.3.83 एवं क्रमांक एफ/29/1/83/मध्यम/31 दिनांक 10.7.85 द्वारा नया नियम प्रतिस्थापित किया। मूल नियम (संशोधन के पूर्व) निम्नानुसार था :–

"193. यदि जल कर (नहर राजस्व) या उसके किसी भाग का भुगतान विहित की गई तारीख के एक माह के अंदर न किया गया हो तो केनाल डिप्टी कलेक्टर ऐसे व्यक्ति क्रमियों पर निम्नलिखित शास्ति अधिरोपित कर सकेगा।

1	जब कि विहित की गई तारीख के एक माह के अंतर्गत भुगतान करता है	1	भुगतान न की गयी ऐसी रकम का 5 प्रतिशत
2	जब कि विहित की गयी तारीख के एक माह से दो माह के अंतर्गत भुगतान करता है।	2	भुगतान न की गयी ऐसी रकम का 10 प्रतिशत
3	जब कि विहित की गयी तारीख के दो माह से तीन माह के अंतर्गत भुगतान करता है	3	भुगतान न की गयी ऐसी रकम का 15 प्रतिशत
4	जब कि विहित की गयी तारीख के तीन माह से छः माह के अंतर्गत भुगतान करता है।	4	भुगतान न की गयी ऐसी रकम का 20 प्रतिशत
5	जब कि विहित की गयी तारीख के छः	5	भुगतान न की गयी ऐसी रकम का 25

	माह से 11 माह के अंतर्गत भुगतान करता है।		प्रतिशत
6	जब कि विहित की गयी तारीख के 12 माह बाद भुगतान करता है।	6	भुगतान न की गयी ऐसी रकम का 30 प्रतिशत

परंतु किसी भी ऐसी रकम का भुगतान न करने के लिये जो कि उस कालावधि के बारे में जिसमें भुगतान निलंबित रहा हो, सक्षम प्राधिकारी के आदेश द्वारा निलम्बित कर दी गई हो कोई शास्ति अधिरोपित नहीं की जावेगी"

2. म.प्र. शासन सिंचाई विभाग के आदेश क्र. एफ/29/54/78/म.ल./33 दि. 7.6.1978 द्वारा 30 जून 1977 तक की अवधि के लिये परिगणित सिंचाई कर का बकाया कृषकों द्वारा 31 जुलाई 1978 तक भुगतान कर देने पर उनसे शास्ति वसूल न करने बाबत् निम्नानुसार आदेश प्रसारित किया गया :–

"मध्यप्रदेश सिंचाई नियम, 1974 के नियम क्रमांक 193 के प्रावधानुसार विहित की गयी तारीख से एक माह के अंतर्गत सिंचाई कर का भुगतान न किये गये व्यक्तिक्रमियों पर एक माह तक 5 से लेकर 12 माह के बाद तक 30 प्रतिशत शासित (पेनाल्टी) अधिरोपित धनराशि की वसूली के संबंध में शासन ने यह निर्णय लिया है कि, सिंचाई राजस्व के उन बकायादारों पर जो दिनांक 30 जून 1977 तक की अवधि के लिये परिगणित सिंचाई जल कर एवं उपकर का बकाया दिनांक 31 जुलाई 1978 तक भुगतान कर देते हैं उन पर शासित (पेनाल्टी) न लगाई जाये। "

3. मध्य प्रदेश शासन, सिंचाई विभाग के आदेश क्र. एफ/29/54/78/म.ल./31 दि. 22.2.79 द्वारा उक्त सुविधा दिनांक 31.12.78 तक बढाने हेतु निम्नानुसार आदेश प्रसारित किया गया :–

"राज्य शासन द्वारा इस विभाग के पत्र क्र. एफ/29/54/78/म.ल./31 दिनांक 7.6.78 के तारतम्य में निर्णय लिया गया कि सिंचाई विभाग के सिंचाई राजस्व वसूली के संबंध में जो दिनांक 31.7.78 तक की अवधि के लिये शास्ति (पेनाल्टी) की छूट दी गई थी, उस अवधि को अब दिनांक 31 दिसंबर 1978 तक बढाया जावे।"

4. मध्य प्रदेश शासन, सिंचाई विभाग के पत्र क्र. एफ/29/54/78/म.ल./31 दिनांक 22.2.79 द्वारा उक्त छूट की अवधि का विस्तार दिनांक 30 जून 1979 तक करने हेतु निम्नानुसार आदेश प्रसारित किया गया :–

"राज्य शासन द्वारा इस विभाग के पत्र क्र. एफ/29/54/78/म.ल./31 दि. 29.8.78 के तारतम्य में निर्णय लिया गया कि विभाग के सिंचाई राजस्व वसूली के संबंध में दिनांक 31. 12.78 तक की अवधि के लिये जो शास्ति (पेनाल्टी) दी गई थी, उस अवधि को अब दिनांक 30 जून 1979 तक बढाया जाये। साथ में छूट के संबंध में 77–78 वर्ष के दोषी कृषकों को भी पेनाल्टी से छूट दी जाये"

5. तदोपरांत म.प्र. शासन मध्यम एवं लघु सिंचाई विभाग के क्रमांक एफ/29/53/82/म.ल./39 दि. 5.11.82 द्वारा 30 जून 1982 तक की अवधि के लिये परिगणित सिंचाई कर का बकाया कृषकों द्वारा 31 दिसंबर 1982 तक भुगतान कर देने पर कृषकों से शास्ति वसूल न करने बाबत् निम्नानुसार आदेश प्रसारित किया गया :–

"मध्य प्रदेश सिंचाई नियम 1974 के नियम क्र. 193 के प्रावधानानुसार विहित की गई तारीख के एक माह के अंतर्गत सिंचाई कर का भुगतान न किये गये व्यक्तिक्रमियों पर एक माह तक पांच प्रतिशत से लेकर 12 माह के बाद तक 30 प्रतिशत तक शास्ति (पेनाल्टी) अधिरोपित धनराशि की वसूली के संबंध में शासन ने यह निर्णय लिया है कि अगर संबंधित कृषक सिंचाई जल दर की पूर्ण बकाया देय राशि 31 दिसंबर, 1982 तक एवं चालू वर्ष की देय राशि निम्नानुसार अदा कर दें तो उनसे शास्ति की राशि वसूल नहीं की जावेगी। उसी प्रकार पिछली बकाया राशि का 50 प्रतिशत या उससे ज्यादा का इसी तारीख तक एवं पूर्ण चालू किश्त नियमानुसार समय पर जमा करने पर उसी अनुपात में शास्ति माफ की जावेगी"

6. सिंचाई विभाग के आदेश क्रमांक एफ/29/53/82/म.ल./39 दिनांक 8.12.82 द्वारा उक्त छूट को 31 जनवरी 1983 तक बढाये जाने बाबत् निम्नानुसार आदेश प्रसारित कियेः–

"राज्य शासन द्वारा इस विभाग का पत्र क्रमांक एफ/29/53/82/म ल/ 39 दिनांक 5.11.82 के तारतम्य में निर्णय लिया गया है कि सिंचाई विभाग के सिंचाई राजस्व वसूली के संबंध में जो दिनांक 31 दिसंबर 1982 तक की अवधि के लिये शास्ति (पेनाल्टी) की छूट दी गई थी, अवधि को अब दिनांक 31 जनवरी 1983 तक बढाये जाये।

7. उक्त सुविधा का विस्तार दिनांक 30 जून 1983 तक करने हेतु मध्यप्रदेश शासन, मध्यम और लघु सिंचाई विभाग के पत्र क्र. 29/53/82/म.ल./39 दि. 25 जनवरी 1983 द्वारा निम्नानुसार आदेश प्रसारित किये गये :–

"राज्य शासन द्वारा इस विभाग का पत्र क्रमांक एफ/29/53/82/म ल/ 39 दिनांक 8.12.82 के तारतम्य में निर्णय लिया गया कि सिंचाई विभाग के सिंचाई राजस्व वसूली के संबंध

में जो दिनांक 31 जनवरी 1983 तक की अवधि तक के लिये शास्ति (पेनाल्टी) की छूट दी गई थी, उस अवधि को दिनांक 30 जून 1983 तक बढाया जाये।"

8. मध्यप्रदेश शासन, मध्यम, लधु सिंचाई विभाग के ज्ञाप क्र. 29/20/83/म.ल./39 दिनांक 27 अप्रेल 1983 द्वारा बकाया जल दर की राशि 1000 रूपये से अधिक होने पर तीन छः माही किश्तों में वसूली करने हेतु निम्न आदेश प्रसारित किया गया :–

"उपरोक्त विषय पर आपके संदर्भित पत्र का अवलोकन कीजिये। पत्र के कंडिका 4 में कहा है कि 1000/– (एक हजार) रूपये से अधिक के बकायादारों को तीन किस्तों में भुगतान की सुविधा दी जावे एवं कृषकों के प्रस्ताव अनुसार बकाया राजस्व जमा करने पर शास्ति में छूट दी जावे। शासन ने यह निर्णय लिया है कि दिनांक 1 जून 1982 बकायादारों से बकाया जल दर की राशि यदि 1000/– से अधिक है, उसे तीन किस्तों मे वसूल करने की छूट दी जाती है। यह किस्त प्रत्येक 3 माह में देना होगा। आदेश जारी होने के 18 माह में पूरी बकाया जमा करने वाले कृषकों से शास्ति वसूल न की जावे। 18 माह के पश्चात् कृषकों को विभागीय आदेश क्र. 29/78/म.ल./39/78/II दिनांक 31.3.83 द्वारा निर्धारित शास्ति के साथ बकाया भुगतान करना होगा।

चालू मांग पर यह छूट लागू नहीं होगी। "

9. मध्यप्रदेश शासन, मध्यम एवं लघु सिंचाई विभाग के आदेश क्र. 29/53/म.ल./39 दि. 3.5.83 द्वारा राजस्व भुगतान में शास्ति पर विभिन्न छूट हेतु निम्न आदेश प्रसारित किया गया :–

"1. शासन द्वारा प्रसारित आदेश क्र. 29/53/82/म.ल./89 दि. 25 जनवरी 1983 के तारतम्य में अब राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया कि अगर संबंधित कृषक सिंचाई जल दर की पूर्ण बकाया देय राशि 30 जून 1983 तक एवं चालू वर्ष के देय राशि नियमानुसार जमा कर दे तो उनसे सिंचाई नियम 1974 के नियम क्र. 193 के प्रावधानुसार शास्ति की राशि वसूल नहीं की जायेगी। इसी प्रकार पिछली बकाया राशि का 50 प्रतिशत या इससे अधिक इसी अवधि तक एवं पूर्ण चालू किस्त नियमानुसार जमा करने पर उसी अनुपात में शास्ति राशि माफ की जाये। यह भी निर्णय लिया गया कि जिन कृषकों ने बकाया राशि के साथ शास्ति की राशि का भुगतान 25 सितंबर 1982 के बाद कर दिया है, उनके द्वारा जमा की गई शास्ति की राशि भविष्य में जल दर के देय राशि में समायोजित की जाये।

2. विभागीय आदेश क्र. 8/15/33/सा/70/2132 दि. 1.9.72 द्वारा जारी की गई जल दर सूची के भाग "ग" में स.क्र. 4 पर निम्नानुसार प्रावधान है :–

निश्चित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों के लिये अतिरिक्त दर	– सामान्य प्रवाह सिंचाई दर पर 10 प्रतिशत अधिक मध्य भारत क्षेत्र को छोडकर जहां की वह जल दर की दुगनी होगी।

इस संबंध में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि संबंधित कृषक सिंचाई जल दर की पूर्ण बकाया देय राशि 30 जून 1983 तक एवं चालू वर्ष की देय राशि नियमानुसार जमा कर दें तो (प्रदेश के) सभी क्षेत्र के ऐसे कृषक जिन्हें निश्चित तिथि के बाद आवेदन प्राप्त होने पर पानी दिया गया है। सामान्य प्रवाह से 10 प्रतिशत अधिक जल दर वसूल किया जावे एवं इससे ज्यादा वसूली करने हेतु जो मांग पत्र दिये गये हैं, उतनी राशि की वसूली नहीं की जाये।

50 प्रतिशत या उससे अधिक बकाया राशि का भुगतान 30 जून 1983 तक करने पर उपरोक्त छूट उसी अनुपात में दी जाये।"

10. सचिव, मध्यप्रदेश वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई विभाग के अर्द्ध शा. पत्र क्र. 2252/एस.टी.आई./एस.आई/84 द्वारा शास्ति में छूट हेतु निर्देश प्रमुख अभियंता, सिंचाई विभाग को दिये गये, जो निम्नानुसार है :–

"1. शासन द्वारा पूर्व प्रसारित आदेश क्र. 29/53/82/म.ल./89 दि 3 मई 1983 के तारतम्य में अब निर्णय लिया गया है कि यदि संबंधित कृषक सिंचाई जल दर की देय बकाया राशि का 25 प्रतिशत या इससे अधिक एवं चालू वर्ष की पूर्ण देयक राशि नियमानुसार दिनांक 31 मार्च 84 या इसके पूर्व जमा कर दें, तो उनसे सिंचाई नियम 1974 के नियम क्र. 193 के अनुसार शास्ति की राशि उसी अनुपात में माफ की जाये।

2. यह भी निर्णय लिया गया है कि जिन कृषकों ने बकाया राशि के साथ शास्ति की राशि का भुगतान 25 सितंबर 1982 के बाद कर दिया है, उनके द्वारा जमा की गई शास्ति की राशि भविष्य में जल दर की देय राशि में समायोजना की जाये।"

11. इसी प्रकार मध्यप्रदेश शासन वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई विभाग के आदेश क्रमांक 29/120/84/वृ.म./31 दि. 19/29 अक्टूबर 1984 द्वारा राजस्व के भुगतान में शास्ति पर विभिन्न छूट हेतु निम्न आदेश प्रसारित किया गया :–

"1. शासन द्वारा पूर्व प्रसारित आदेश क्रमांक 2252/एस.टी.आई./एस.आई/84, दि. 24 फरवरी 1984 के तारतम्य में अब निर्णय लिया गया है कि यदि संबंधित कृषक सिंचाई जलदर के देय बकाया राशि पर 25 प्रतिशत या इससे अधिक एवं चालू वर्ष की पूर्व देय राशि

नियमानुसार दिनांक 30 जून 1985 या इसके पूर्व जमा कर दें, तो उनसे सिंचाई नियम 1974 के नियम क्रमांक 193 के प्रावधान के अनुसार शास्ति की राशि, उसी अनुपात में माफ की जावे।

2. यह भी निर्णय लिया गया है कि जिन कृषकों ने बकाया राशि के साथ शास्ति की राशि का भुगतान 31 मार्च 1984 के बाद कर दिया है, उनके द्वारा जमा की गई शास्ति की राशि भविष्य में जलकर की देया राशि में समायोजन की जाये। "

XII- fo"k; %& flpkbZ iapk;rksa dk xBu@pquko dk lca/k esa vuqns'k

(प्र.अ. सिंचाई के ज्ञाप क्र. 335389/82 दिनांक 16.10.82 द्वारा प्रसारित)

(1) प्रत्येक 1000 एकड़ सिंचाई क्षेत्र के लिये एक सिंचाई पंचायत गठित की जावेगी। जब कभी किसी गांव, चक अथवा मुहाल में सिंचाई की संभावना हो तथा सिंचाई पंचायत की पदावधि समाप्त हो, अथवा विद्यमान पंचायत की पदावधि समाप्त होने वाली हो, अथवा पंचायत का विघटन कर दिया गया हो, तो कार्यपालन यंत्री, प्रकरण दायर कर कलेक्टर को प्रपत्र क्रमांक–1 में सिंचाई पंचायत के हेतु सदस्यों की संख्या नियत करने का प्रस्ताव करेगा । उक्त प्रस्ताव, ग्राम में सदस्यों की संख्या के आधार पर नियत किया जावेगा, जो कम से कम 3 एवं अधिक से अधिक 5 होगी । दूसरे यह कि प्रत्येक 100 सदस्यों पर एक सदस्य निश्चित किया जाना उचित होगा।

(2) सिंचाई पंचायत गठन हेतु मतदाता सूचाी प्रपत्र क्रमांक–2 में नियम क्रमांक 147 के अधीन मतदाता होने के हकदार व्यक्तियों की तैयार की जावेगी जो नियम क्र. 145 के अधीन अयोग्य न हों। उक्त सूची में एक पंक्ति में एक नाम अंकित होगा तथा शामिल खाता होने की दशा में पृथक पंक्ति में नाम दर्शित किये जावेंगे। एक ही व्यक्ति के शामिल खाते एवं पृथक दाता होने पर केवल एक बार ही नाम अंकित होगा। इसी प्रकार सरपरस्त को मताधिकार प्राप्त नहीं होगा। अतः सरपरस्ती के खाते की सूची में अंकित न होगा। यदि ऐसा पाया जाय कि कागजात में अंकित नाबालिग, बालिग हो चुका है, तो बाद तस्दीक, पंचनामा आदि तैयार कर सिंचाई निरीक्षक की अनुमति पश्चात् ऐसा नाम अंकित किया जाय।

(3) उक्त सूची, चुनाव के कम से कम एक माह पूर्व तैयार कर, सिंचाई निरीक्षक के हस्ताक्षरित उद्धरण (प्रपत्र क्रमांक – 3) के समस्कत संबंधित ग्रामों में प्रकाशित की जावे। जिस पर तामील का पूरा विवरण दिनांक सहित अंकित हो।

(4) उक्त घोषणा के संबंध में प्राप्त आपत्तियों का पंजीयन, प्रपत्र क्र. 10 में दिया जाकर यथा समय (8 दिन के भीतर) सिंचाई निरीक्षक, निराकरण से संबंधित को सूचित करें। दिनांक सहित हस्ताक्षर प्राप्त करें। इस प्रकार सूची को अंतिम रूप देकर उसकी तीन प्रति तैयार कराई जावे।

(5) कार्यपालन यंत्री प्रपत्र क्र. 4 पर सिंचाई पंचायत के निर्वाचन हेतु ..... समय ..... स्थान ..... नियत करते हुए, वास्तविक चुनाव से कम से कम 15 दिन पूर्व संबंधित ग्राम में उद्घोषणा करेगा। तत्पश्चात् नियम क्रमांक 151 के अधीन प्रपत्र क्र. 5 में निर्वाचन की अध्यक्षता करने हेतु सिंचाई निरीक्षक अथवा नहर अधीनस्थ को नियुक्त तथा प्रतिनियुक्ति करेगा। साथ ही सहायता स्वरूप एक व्यक्ति जोड दिया जावेगा।

(6) कार्यपालन यंत्री, चुनाव के सुचारू संचालन एवं व्यवस्था हेतु प्रधान अध्यापक, जिला अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक एवं पटेल एवं पटवारी आदि को प्रपत्र क्र. 6 व 7 में उचित व्यवस्था हेतु निर्देश/निवेदन करेंगे।

(7) चुनाव पार्टी की निम्न सामग्री प्रदान की जावेगी :–

1. मतदाता सूची – 2 प्रति।
2. मतपत्र आवश्यकतानुसार।
3. लिफाफा 2 मतदाता सूची रखने हेतु साईज 4" x 9"
4. लिफाफा 2 मतपत्र रखने हेतु साईज 9" x 12"
5. बस्ता खादी
6. लिफाफा डायरी तथा प्रमाण पत्र रखन हेतु 4" x 9"
7. लिफाफा समस्त सूखी सामग्री – 12" x 12"
8. स्याही – 5 गोली, दवात – 1, होल्डर – 2, प्रत्येक पार्टी को
9. पीठासीन अधिकारी की डायरी का फार्म प्रारूप क्रमांक 9
10. सील – 1, चपडी – 2, छडी, गोंद –1 शीशी, माचिस, सफेद कागज स्टांप पेड, कार्बन – 2, कार्बन पेंसिल, आलपिन 4, डोरा 10 ग्राम, सूजा 1, अमिट स्याही।

(8) चुनाव पार्टियों को मतदान केन्द्र पर, एक दिन पूर्व पहुंचकर उस ग्रम में निवास करायेंगे, जिससे मतदान यथा समय हो सके। मतदान अध्यक्ष अपनी डायरी के सभी खातों की पूर्ती करेंगे, जिसमें ग्राम में पहुंचने से वापिस आने तक का समस्त विवरण देंगे।

(9) निरक्षर मतदाता को साक्षर व्यक्ति उपलब्ध न होने की दशा में पीठासीन अधिकारी ऐस मतदाता की ओर से उसके द्वारा बतायें गये नाम मतपत्र पर अंकित कर सकेंगे।

(10) नियत समय के भीतर मतदान केन्द्र पर उपस्थित व्यक्ति, यदि मतदान न कर सके हों तो पीठासीन अधिकारी एसे उपस्थित व्यक्तियों को अपने हस्ताक्षरित पर्चे बाटेंगे तथा मतदान तब तक चालू रहेगा जब तक कि ऐसे व्यक्ति मतदान न कर लें।

(11) सहायता करने वाला कर्मचारी, मतदाता के सीधे हाथ की तरजनी उंगली पर अमिट स्याही लगा देगा तथा मतदाता सूची में नाम के आगे निशान लगायेगा।

(12) पीठासीन अधिकारी, स्थल पर प्रपत्र क्र. 16 में मतपत्र का लेखा तैयार करेंगे।

(13) पीठासीन अधिकारी नियम क्रमांक 152 की वांछानुसार स्थल पर ही मतदान करने वाले तथा अनुपस्थित रहने वाले मतदाताओं के अनुक्रमांक एवं विशेष घटना का विवरण तैयार करेंगे। तत्पश्चात् ग्राम पंचायत के पंच या सरपंच की उपस्थित में समस्त कागजातों को एक लिफाफे में मुद्रा बंद करेंगे तथा मतदान के तुरंत बाद मुद्राबंद लिफाफे नहर डिप्टी कलेक्टर को सौंप दिये जावेंगे।

(14) नहर डिप्टी कलेक्टर, पीठासीन अधिकारी की सहायता से नियम क्रमांक 153 की वांछानुसार, पीठासीन अधिकारी की सहायता से, ग्राम पंचायत के सरपंच की उपस्थिति में, अभ्यार्थियों की एक सूची प्रपत्र क्र. 11 में तैयार करगा तथा परिणाम घोषित करने के लिये कलेक्टर को प्रपत्र क्र. 11 (क) में प्रस्तुत करेगा।

(15) जिलाध्यक्ष से अनुमोदन प्राप्त होने पर प्रपत्र क्र. 12 में संबंधित ग्राम में उद्घोषणा की जावेगी। जिसमें सरपंच चुने जाने का उल्लेख होगा।

(16) उक्त चुनाव के ठहराव प्राप्त होने पर, अमीन प्रपत्र क्र. 13 से संबंधित ग्राम में सूचना करते हुए तामील प्रति रिकार्ड हेतु कार्यपालन यंत्री को प्रस्तुत करेगा।

(17) इस प्रकार चुने हुए पंचों और सरपंचों को पंजी प्रपत्र क्र. 18 में कार्यपालन यंत्री उपखंड पदाधिकारी, नहर डिप्टी कलेक्टर, सिंचाई निरीक्षक एवं अमीन द्वारा तैयार की जावेगी।

(18) पंचायत द्वारा रखे जाने वाले अभिलेखों हेतु प्रारूप क्रमांक 15, 16 एवं 17 शासन द्वारा प्रदाय किये जावेंगे।

i:i= dekd 1 ¼d½

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, सिंचाई विभाग .... (म.प्र.)

क्रमांक .... /सिं.पं.गं. दिनांक................

प्रति,

जिलाध्यक्ष महोदय,

.... (म.प्र.)

विषय :– सिंचाई पंचायत के गठन के संबंध में।

निवेदन है कि इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संलग्न सूची अनुसार ग्रामों में सिंचाई पंचायत का गठन होना है, जिसका प्रस्ताव भेजकर निवेदन है कि नियम क्रमांक 143 के अधिक अनुमोदन देने का कष्ट करेंगे। जिससे आगामी कार्यवाही संभव हो सके।

सहपत्र. :– 1. ग्राम सूची कार्यपालन यंत्री

2. मतदाता सूचियां सिंचाई विभाग

i:i= d:ekd 1 ¼[k½

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, सिंचाई विभाग ..... (म.प्र.)

ज्ञाप क्रमांक ..... /सिं.पं.गं. दिनांक.....

प्रति,

जिलाध्यक्ष महोदय,

..... (म.प्र.)

विषय :– सिंचाई पंचायत के गठन के संबंध में।

